**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**19 जनवरी 2025, समय 1810**

**समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।
  उन्होंने कहा कि स्पेस डॉकिंग की उपलब्धि हासिल करने वाला भारत चौथा देश बन गया है।

- प्रधानमंत्री ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती, पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाएगी।

- श्री मोदी ने कहा कि प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ,समरसता और भाईचारे का अद्भुत संगम है।

- हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।
- प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र के सैक्टर 19 में लगी आग पर काबू पाया गया।
  एक व्यक्ति घायल हुआ।

*****************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। श्री मोदी आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा कर रहे थे।उन्होंने कहा कि हमारे प्रखर वैज्ञानिक और नवोन्मेषी भविष्य की चुनौतियों का समाधान दे रहे हैं।

श्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा -

प्रधानमंत्री ने उपग्रहों की स्पेस डॉकिंग की उपलब्धि की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह प्रौद्योगिकी अंतरिक्ष केंद्रों को सामग्री की आपूर्ति और अंतरिक्ष मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्पेस डॉकिंग की उपलब्धि हासिल करने वाला भारत चौथा देश बन गया है।

स्टार्ट अप इंडिया के नौ वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की स्टार्टअप संस्कृति बड़े शहरों तक सीमित नहीं है-

श्री मोदी ने कहा कि कचरा प्रबंधन अनवीकरणीय ऊर्जा और बायो प्रौद्योगिकी आदि कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन में बड़ी संख्या में स्टार्ट अप देखे जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की भी चर्चा की -

नेताजी सुभाष चंद्र बोस को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश 23 जनवरी को उनकी जयंती, पराक्रम दिवस के रूप में मनाएगा। उन्होंने कहा कि सुभाष बाबू एक दूरदर्शी नेता थे और वीरता उनके स्वभाव में थी।

मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के महत्व और विशालता का ज़िक्र भी किया।

श्री मोदी ने कहा कि युवा भी बड़ी संख्या में कुंभ स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति स्वाभिमान के साथ जुड़ती है तो इसकी जड़े और भी मज़बूत होती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ समरसता और भाईचारे का एक अद्भुत संगम है।

श्री मोदी ने कहा कि कुंभ की वैश्विक लोकप्रियता प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के समारोह में पौष शुक्ल द्वादशी पर लाखों राम भक्तों ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। श्री मोदी ने ज़ोर देकर कहा कि विकास के पथ पर चलते हुए देश की विरासत के संरक्षण के लिए प्रयत्न होने चाहिए।

श्री मोदी ने देशवासियों को आने वाले गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब आंबेडकर, डॉ० राजेंद्र प्रसाद और डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए नागरिकों से कहा कि वे इन महान नेताओं के विचारों से प्रेरणा लेकर देश हित में काम करें।

श्री मोदी ने अपने विचार साझा करते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व को भी उजागर किया। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मनाया जाता राष्ट्रीय मतदाता दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि इसी दिन भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी।

प्रधानमंत्री ने निर्वाचन आयोग की निष्पक्ष चुनाव करवाने की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की।

प्रधानमंत्री ने अपने विचार साझा करते हुए मनुष्यों एवं पशुओं के बीच अद्भुत संबंधों का उल्लेख भी किया। श्री मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत, अपने इर्द गिर्द पशु पक्षियों से प्यार के साथ रहना सिखाती है।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कैथल में मन की बात कार्यक्रम सुना। स्टार्ट अप की बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा के शहरों का नाम लिए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने स्टार्टअप चल रहे युवा उद्यमियों को बधाई भी दी।

************************************************************************

आज हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की 40 सीटों के लिए मतदान हुआ। मतदान के लिए प्रदेश के 22 जिलों में 406 बूथ बनाए गए जहाँ साढ़े तीन लाख से अधिक मतदाताओं ने अपना वोट दिया। समाचार लिखे जाने तक 60 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की जानकारी मिली है।हरियाणा गुरुद्वारा चुनाव आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एच एस भल्ला ने बताया-

टोहाना से एक महिला उम्मीदवार पहले ही सर्वसम्मति से चुनी गई।अब परिणाम के साथ 164 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है।चुनाव परिणाम आने के बाद निर्वाचित सदस्य समिति के प्रधान समेत विभिन्न पदाधिकारियों का चुनाव करेंगे।

*************************************************************************

प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र के सैक्टर 19 में आज आग लग गई जिस पर जल्दी ही काबू पा लिया गया। बताया गया है कि इसमें एक व्यक्ति घायल हुआ है और उसे अस्पताल भेजा गया है। लोगों का कहना है कि खाना बनाते समय एक टैंट में आग लग गई। एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि प्रशासन को जैसे ही आग लगने की सूचना मिली तो तुरंत मौके पर पहुंचा गया और तेजी से आग पर काबू पा लिया। मेला प्रशासन ने कहा है कि अब सब कुछ सामान्य है।